Tel Phone/Fax- 07662- 292001
Email- jdsupdtgmhrewa@rediffmail.com

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक,
गांधी स्मारक चिकित्सालय,
रीवा मध्यप्रदेश

क्रमांक 10261 **,क्रय/जीएमएच/2022** **रीवा, दिनांक** 17-06-22

प्रति

डॉ खुशबू चौरसिया,
स्वास्तिक सोनोग्राफी एण्ड इमेजिंग सेंटर,
रीवा मध्यप्रदेश

विषयः- निविदा क्र 2022_DME_200508_1 की तकनीकी बिड में आउसोर्स के माध्यम से की जाने वाली जांचों हेतु पात्र करने की प्रार्थना बावत्।

संदर्भः— आपका आवेदन आवक दिनांक 16.06.2022 एवं 17.06.2022 ।

000

उपरोक्त विषयांतर्गत आपके संदर्भित आवेदन का परीक्षण निविदा समिति की बैठक दिनांक 17.06.2022 को किया गया। आवेदन में आपत्ति दर्ज की गई है कि ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची में सिर्फ 12 बिंदु के दस्तावेजों की सूची है, तथा आपको बिंदु क्र. 13 में उल्लेखित दस्तावेज न होने के कारण अपात्र घोषित किया गया है।

2/ उक्त के संबंध में अवगत कराना चाहूंगा कि निविदा प्रपत्र के बिंदु क्र 33 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

3/ आपके द्वारा ऑनलाईन निविदा में ऐंसी जॉचे जो स्वास्तिक सोनोग्राफी रीवा में तथा आउटसोर्सिंग के माध्यम से डॉ लाल पैथलैब, जबलपुर/दिल्ली से की जानी है, की सूची लगाई गई है।

4/ सूची के पश्चात ऑनलाईन निविदा में डॉ लाल पैथलैब के साथ एमओयू अपलोड किया गया है, जिसमें स्वास्तिक सोनोग्राफी एवं इमेजिंग सेंटर रीवा का अधिकृत व्यक्ति— डॉ शिवम चौरसिया हैं।

5/ स्वास्तिक सोनोग्राफी रीवा की स्थापना के पंजीयन प्रमाण पत्र क्र REWA220429E012304 अनुसार मालिक एवं प्रबंधक— डॉ. खुशबू चौरसिया हैं।

6/ निविदा क्र **2022_DME_200508_1** में निविदाकार डॉ खुशबू चौरसिया हैं, तथा बिंदु क्र 03 अनुसार आउटसोर्सिंग पर डॉ लाल पैथलैब, जबलपुर/दिल्ली से एमओयू डॉ शिवम चौरसिया से है।

7/ पैरा 03 से 06 तक उल्लेखित परिस्थिति से यह स्पष्ट है कि निविदाकार स्वयं की लैब तथा डॉ लाल पैथलैब से आउसोर्सिंग द्वारा जांच कराने हेतु भाग लिया गया है।

8/ तकनीकी मूल्यांकन पत्रक के बिंदु क्र 13 का संबंध में निविदा की कण्डिका क्र 33 से है, जिसके परीक्षण एवं आपके द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए निविदा पत्र तथा दस्तावेज के परीक्षण में ऐंसी जांचे जिनके लिए आपके द्वारा भाग लिया गया है, जो कि आपकी लैब के माध्यम डॉ लाल पैथलैब में भेजी जावेंगी, का अनुबंध निविदाकार— डॉ खुशबू चौरसिया से न होने के फलस्वरूप तकनीकी मूल्यांकन पत्रक के बिंदु क्र 13 में निविदाकार द्वारा आउटसोर्स की जाने वाली जांचों के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी/लैब का निविदाकार के लिए जारी ऑथराइजेशन पत्र तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा न पाए जाने के कारण **संलग्न नहीं** की टिप्पणी दी गई है।

9/ पैरा 08 से स्पष्ट है कि आपके द्वारा स्वयं की लैब तथा आउटसोर्सिंग के माध्यम से पैथालॉजी की जांच करने/कराने हेतु भाग लिया गया है, जिससे आपके उपर निविदा की कण्डिका क 33 लागू होती है। अतः आपके आवेदन दिनांक 16.06.2022 के अनुसार केवल ऐंसी जांच जो आपके लैब में की जानी है, को मान्य कर तकनीकी रूप से पात्र किए जाने की शर्तें निविदा में न होने के कारण मान्य किया जाना संभव नही है।

10/ आपके अभ्यावेदन दिनांक 17.06.2022 के साथ डॉ लाल पैथलैब, प्रीपेड क्लाईंट एमओयू निविदा की अंतिम तिथि के उपरांत भौतिक रूप से इस कार्यालय में दिए जाने से मानने योग्य नही है।

अतः समिति की बैठक दिनांक 17.06.2022 में लिए निर्णय की सूचना आपकी ओर भेजी जा रही है।

17/06/2022

(डॉ. अवतार सिंह यादव)
संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
गांधी स्मारक चिकित्सालय रीवा म.प्र.

पृ.क्र. 10261-62/स्था/जीएमएच/2022 रीवा दिनांक 17-06-22

प्रतिलिपिः–

1. अधिष्ठाता, चिकित्सा महाविद्यालय रीवा की ओर सूचनार्थ।

17/06/2022

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
गांधी स्मारक चिकित्सालय रीवा म.प्र.